पंजाब केसरी 25/09/2024

आत्मविश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है : डा. रोहित दत्त

छात्रों के लिए फ्रैशर पार्टी का आयोजन

कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत करते कॉलेज स्टाफ सदस्य एवं अन्य। (वेवदत्त)

अम्बाला, 24 सितम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा इस सत्र में कॉलेज में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए फ्रैशर पार्टी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ आयोजन विभाग की डीन डा. प्रभलीन कौर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा के दिशा-निर्देशन में किया गया।

प्रो. श्याम रहेजा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं विभाग के अध्यापकों का स्वागत किया और जानकारी देते हुए बताया कि फ्रैशर पार्टी न केवल नए छात्रों के लिए स्वागत समारोह है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी है। इसके माध्यम से नए छात्रों को कॉलेज के माहौल में समायोजित होने में मदद मिलती है और वे अपने सहपाठियों और सीनियर्स के साथ अच्छे संबंध स्थापित कर सकते हैं।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी नए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज के नियमों एवं सुविधाओं से अवगत करवाया। उन्होंने सभी छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी और कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता की चाबी, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प में ही है।

अपने अध्यापकों के निर्देशन में खूब मेहनत करके अच्छी शिक्षा प्राप्त कर वे अपने सभी सपने साकार कर न केवल अपना, बल्कि अपने माता-पिता, अपने कॉलेज एवं अपने जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। हर नया दिन एक नया मौका है, अपने लक्ष्य के करीब जाने का।

कार्यक्रम में नए छात्रों ने तरह तरह की प्रतिभाओं जैसे कि गायन, नृत्य, मिमिक्री, ड्रामा आदि का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए गेम्स का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा प्रदर्शन के आधार पर मुस्कान और सुहानी को मिस फ्रैशर, आदर्श और रिधम को मिस्टर फ्रैशर एवं आशी को मिस पर्सनैलिटी, अर्नव और सनप्रीत को मिस्टर पर्सनैलिटी के खिताब से नवाजा गया।

इस कार्यक्रम में डा. भारती सुजान, प्रो. सृष्टि, प्रो. योगिता, प्रो. प्रियंका, प्रो. अर्चना, डा. कृष्ण कुमार पुनिया, डा. सुरेन्द्र, प्रो. जस्मिता, प्रो. रितिका, डा. गीता कौशिक, प्रो. कवीश नायक, डा. राजेंद्र कुमार देसवाल, डा. एस.के. पांडे, डा. राकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डीन डा. प्रभलीन कौर ने सभी का कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया एवं सभी छात्रों को इस सत्र में अच्छे से पढ़-लिख कर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।